महत्वपूर्ण एवं खास

रेल पटरियों के बीच अधमरे हालत में मिला युवक, स्थानीय लोगों ने भेजा अस्पताल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मनगांव गेवरा टीपर रोड से लगे रेल्वे ट्रैक पर आज रविवार की देर शाम एक एक युवक गंभीर हालत में खून से लथ पथ देखा गया। जिसे आनन फानन में कोरबा अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायल युवक अपना नाम अनिल गुप्ता पिता केशव गुप्ता,निवासी ग्राम गोडाडीह जिला बिलासपुर का बता रहा है। मौके पर पहुंचे लोगों ने एम्बुलेंस को कॉल कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया है, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोरबा रेफर किया गया है। बताया जा रहा है की युवक किसी रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। मनगांव बाजार में अपने दोस्तो के साथ घूम रहा था, उनको आ रहा हूं बोलकर निकला, फिर कुछ लोगों ने रेल्वे लाईन पर युवक को खून से लथपथ देखा, कई लोग मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगे,अनजान होने की वजह से लोग उसे पहचान नही पाए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद काफी पूछने पर उसने अपना नाम व पता बताया। फिलहाल यह घटना कैसे घटित हुए यह जांच का विषय है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। शक्तिपारा उरकुरा स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने हजारों रूपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रभा देवांगन 29 वर्ष शक्तिपारा उरकुरा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोडक़र घर में प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व अन्य दस्तावेज पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाईक सवार ने सडक़ पार कर रही महिला को मारी टक्कर,मौत

जशपुर (आरएनएस)। जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र स्थित बीटीआई चौक में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सडक़ पार कर रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की है। पुलिस ने बाईकसवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीटीआई चौक में एक महिला सडक़ पार कर अपने घर जा रही थी,इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार नशे में धुत था। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

ट्रेन पर चढ़ते हुए फिसला युवक, बाल-बाल बची जान

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफ ार्म पर रायपुर से कोरबा जाने वाली ट्रेन में एक यात्री का पैर फिसल गया जिसके चलते वह ट्रैक के नीचे आ गया वही मौके पर मौजूद यात्रियों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला जिससे उसकी जान बच गई। घटना दो दिन पहले की है जब बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रायपुर से कोरबा जा रही हसदेव एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक युवक का पैर फिसल गया और वो रेलवे ट्रैक के नीचे ट्रेन के बीच फ ंस गया जिसे देख कर मौजूद यात्रियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ से युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस हादसे में युवक को मामूली चोट आई पर उसकी जान बच गई।

प्राकृतिक आपदा में आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत कलेक्टर ने प्रत्येक मृतकों के वारिस के लिए स्वीकृत किया चार लाख

सारंगढ़ बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार आपदा पीड़ितों के लिए त्वरित सहायता दे रही है। इसी सिलसिले में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत पर, सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत चार लाख रूपये का आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। इसमें आग में जलने से हुई मौत पर सरसीवा तहसील के ग्राम सेंदुरस की मृतिका रूपेश्वरी कर्ष के पति शीत कुमार कर्ष के लिए, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम सलिहा की मृतिका प्रीति अजगल्ले के पति कीर्तन अजगल्ले के लिए, वहीं दीवार गिरने से मौत पर सारंगढ़ तहसील के ग्राम रक्शा के मृतक मयंक साहू की माता मनटोरी के लिए, लू लगने से मौत पर भटगांव के मृतक घनश्याम खुटे की पुत्री सीमा हिरवानी के लिए चार लाख रूपये स्वीकृत किया है।

पानी में डूबने से मौत पर आर्थिक सहायता:

पानी में डूबने से मौत हुए, उनमें सारंगढ़ तहसील के ग्राम टिमरलगा की मृतिका पार्वती पटेल की पुत्री धनेश्वरी पटेल के लिए, ग्राम बंजारी के मृतक अजय साहू की पत्नी मोंगरा साहू के लिए, ग्राम झरपडीह के मृतक आयुष बरेठ की माता (वारिस) दुर्गा बरेठ के लिए, ग्राम गातापीढ़ा के मृतक राम प्रसाद चौहान की पत्नी प्रेम बाई चौहान के लिए, रेंजरपारा सारंगढ़ के मृतक कार्तिकराम निषाद के पुत्र जयपाल के लिए, सरसीवा तहसील के ग्राम टिहलीपाली के मृतक लाभोराम के पुत्र विजय भारद्वाज के लिए, ग्राम किसडा के मृतक केशव प्रसाद साहू के पिता चैतन के लिए, ग्राम बालपुर के मृतक नोहरदास मानिकपुरी की पत्नी सुकमती बाई के लिए, ग्राम घरजरा की मृतिका श्रेया सिदार की माता ममता के लिए, भटगांव तहसील के ग्राम घाना के मृतक मुकेश यादव के पिता लक्ष्मी प्रसाद के लिए, ग्राम बरभाटा की मृतिका अगरावत बाई के पुत्र एवं पुत्रियों के लिए, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पुरगांव के मृतक ओमेश्वर साहू की पत्नी राजकुमारी के लिए, भटगांव तहसील के ग्राम जमनार के मृतक गंगाराम साहू की पत्नी सुन्दरिया के लिए चार लाख रुपए स्वीकृत किया है।

सर्पदंश से मौत पर आर्थिक सहायता

सर्पदंश से मौत हुए, उनमें सारंगढ़ तहसील ग्राम भीमसेनडीह के मृतिका गनेशी चौहान के पुत्र मनबोध के लिए, ग्राम खरवानी बड़े के मृतक जयकुमार की माता राधिका के लिए, ग्राम चंदाई की मृतिका रविना सोनी के पति अश्वनी सोनी के लिए, सरिया तहसील के ग्राम सांकरा के मृतक बैकुंठ राणा की पत्नी दुलावती राणा के लिए, सरिया के मृतक सुभाष मेहर की पत्नी मोंगरा मेहर के लिए, बरमकेला तहसील के ग्राम सकरतुंगा (मेकराहाल) के मृतक अंश सिदार की माता संध्या के लिए, भटगांव के मृतक बंशीलाल यादव की पत्नी दशमत बाई के लिए, सरसीवा तहसील के ग्राम नरेशनगर के मृतक ईश्वर की पत्नी फिरतीन नेताम के लिए, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पचरी के मृतक सुखीराम कुर्रे की पत्नी सजनी कुर्रे के लिए चार लाख रुपए स्वीकृत किया है।

परिजनों को हुआ 3 करोड़ 21 लाख का ऑनलाइन भुगतान

कलेक्टर धर्मेश कुमार के निर्देशन में जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत पर, सभी मृतकों के वारिस को 3 करोड़ 21 लाख का ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है, जिसमें पानी में डूबने, गैस फटने, बिजली गिरने से मृत्यु केस में एक करोड़ 76 लाख रूपये, जीव जन्तु के काटने वाले मृत्यु केस में एक करोड़ 12 लाख रूपये और आग से जलने वाले केस में 33 लाख का भुगतान शामिल है।

29 लाख रुपये के इनामी सहित 19 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर | आरएनएस

जिले में पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है. सरकार की महत्वपूर्ण पुनर्वास नीति और नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर 19 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 10 नक्सलियों पर कुल 29 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस आत्मसमर्पण के साथ ही वर्ष 2025 में अब तक कुल 84 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इसके अलावा अब तक 137 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 56 माओवादियों को अलग-अलग मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने मार गिराया गया है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी 19 नक्सली पूर्व में फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे अन्य नक्सली

घटनाओं में शामिल थे. इन सभी नक्सलियों ने सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, एएसपी मयंक गुर्जर (आईपीएस), डीएसपी शरद जायसवाल और अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को अधिकारियों ने 25-25 हजार रुपये नगद राशि प्रदान किया गया।

जवानों ने किया 3 किलोग्राम का प्रेशर आईईडी बरामद

जिले के थाना गंगालूर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरते हुए एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। जवानों ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये प्रेशर आईईडी को बरामद कर नष्ट किया है।

दरअसल, सीआरपीएफ 199 बटालियन की टीम पीडिय़ा-मुतवेंडी मार्ग पर डिमाइनिंग ड्यूटी के लिए निकली थी। इसी दौरान कैंप पीडिय़ा से करीब 800 मीटर की दूरी पर जवानों को एक संदिग्ध वस्तु दिखी। जब सीआरपीएफ की बम डिस्पोजल (बीडी) टीम ने जांच की, तो वहां 3 किलोग्राम का प्रेशर आईईडी बरामद हुआ, जिसे माओवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए प्लांट किया था। जवानों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस पूरी कार्रवाई का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सुरक्षाबल बम को निष्क्रिय करते नजर आ रहे हैं।

पत्नी ने खाना बनाने से किया मना, तो पति ने कर दी हत्या

कोरबा | आरएनएस

कोरबा जिले के लेमरू थानांतर्गत ग्राम डीड़ासराई में पति ने अपनी पत्नी को खाना बनाने से मना करने पर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थानांतर्गत ग्राम डीड़ासराई के रहने वाले सुनाराम मांझी और पत्नी सनमती बाई दोनों ने शराब पी रखी थी। इसी दौरान सुनाराम ने अपनी पत्नी सनमती को खाना बनाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और आक्रोश में आकर पति सुनाराम ने घर में रखे टंगिया से सनमती बाई पर हमला कर दिया। और इसके बाद लहुलुहान पत्नी को बस चूल्हे के पास चादर ओढ़ाकर छोड़ दिया। बताया जाता है आरोपी सुनाराम के तीन बच्चे हैं, जो अपने दादा के घर में सोने के लिए जाते हैं.। घटना के दिन भी बच्चे दादा के घर गये थे और जब दूसरे दिन सुबह बच्चे अपनी मौसी और दादा के साथ घर पहुंचे तो देखा की सनमती बाई लहुलुहान पड़ी है और उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद इसकी जानकारी लेमरू थाने में दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी पति सुनाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक होगा ऑनलाइन आवेदन

❒ जनरल ड्यूटी, तकनीकी, धर्मगुरु, क्लर्क, ट्रेडमेन, नर्सिंग श्रेणी में होगा भर्ती

सारंगढ़ बिलाईगढ़

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा अधिसूचना जारी किया गया है, जो भारतीय सेना की वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट में भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन की प्रकिया 12 मार्च से प्रारम्भ किया गया है जो 10 अप्रैल 2025 तक खुली रहेगी। कक्षा आठवीं और दसवीं (हाईस्कूल) परीक्षा उत्तीर्ण योग्य युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी, तकनीकी स्टॉफ, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती, धर्मगुरू, नर्सिंग, सहयोगी, सिपाही, फार्मासिस्ट आदि श्रेणी में की जाएगी। अग्निवीर क्लर्क के उम्मीदवारों को आनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। आनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना हैं।

अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 07712965212 या 07712965214 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

❒ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में होगा शिविर का शुभारंभ

रायपुर | आरएनएस

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर द्वारा विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 18 मार्च से किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में किया जाएगा। यह शिविर 18 मार्च से 20 मार्च तक चलेगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं में भेषज रोग (मेडिसिन विभाग), स्त्री रोग, अस्थि रोग, नाक, कान एवं गला रोग, चर्म रोग, शल्य रोग, मनोरोग,

दंत रोग एवं नेत्र रोग से संबंधिक बीमारियों का परीक्षण किया जाएगा।

शिविर में सोनोग्राफी, ई.सी.जी., उच्च रक्तचाप, मधुमेह, समस्त रक्त जांच एवं जनरल चेकअप की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विधानसभा से जुड़े लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि वे विभिन्न रोगों की जांच और उपचार करा सकें। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ के मौके पर उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा , स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल समेत अन्य मंत्रिगण एवं विधायक गण उपस्थित रहेंगे।

अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे ने लिया ग्रामीण क़ृषि विस्तार अधिकारियों का समीक्षा बैठक

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे (आईएएस) कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के ग्रामीण क़ृषि विस्तार अधिकारियों (आरएईओ) की समीक्षा बैठक लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में अनुपस्थित आरएईओ का अवकाश स्वीकृत नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि अगले बैठक में प्रगति नहीं आएगा तो कार्यवाही किया जाएगा।

सोमवार की शाम को

आयोजित इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, एग्रीस्टेक योजना में फॉर्मेर आईडी पंजीयन के कार्यों का प्रत्येक सर्किल अधिकारी से आंकड़ा सहित प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया। बैठक में अपर कलेक्टर सर्वे ने कहा कि राजस्व, क़ृषि, उद्यानिकी और सीएससी चॉइस सेंटर के ऑपरेटर को सयुंक्त रूप से करना होगा। फॉर्म भरने में जिस अधिकारी कर्मचारी का कार्य बाकी है, उसे उस कार्य को पूर्ण करने के लिए अवगत कराया जाए. सर्वर डाउन की स्थिति में, 24 घंटे में ज़ब सर्वर अप रहता है उस समय आवेदन भरा जाए, इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, क़ृषि खसरा नंबर, किसान खातेदार का नाम आदि आवश्यक तैयारी करते हुए फॉर्म में पूरी जानकारी रखी जाए।

अपर कलेक्टर सर्वे ने कहा कि गाँव में मुनादी के साथ साथ किसानों को बताया जाए कि इस फॉर्मेर आईडी से सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अभी सरकार यह पंजीयन करा रही है इसलिए समय रहते इस पंजीयन कार्य को पूरा करने में सहयोग करें और समय निकाल कर इस कार्य को पूर्ण करें। इस अवसर पर अधीक्षक, भू अभिलेख (राजस्व) आशीष पटेल, राजस्व निरीक्षक दिनेश चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राज्यपाल रमेन डेका ने पर्यटन स्थल बुका का किया भ्रमण

❒ मनोरम प्राकृतिक दृश्य का किया अनुभव

कोरबा | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध खूबसूरत पर्यटन स्थल बुका का भ्रमण किया। उन्होंने बुका के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करते हुए यहां के मनोरम दृश्यों को करीब से देखा।

बुका पर्यटन स्थल में कलेक्टर अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने बुका पर्यटन स्थल एवं जलाशय के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर

पर जिला पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी,कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा तुला राम भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

प्राकृतिक सौंदर्य के बीच जल विहार का लिया आनंद:-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बुका पर्यटन स्थल की नैसर्गिक सुंदरता के बीच जल विहार का आंनद लिया। उन्होंने यहां की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि बुका चारों ओर से पहाड़ी से घिरा हुआ है, जलाशय में वर्ष भर जल भराव बना रहता है। जिससे यहां की मनमोहक छटा पर्यटकों का मन मोह लेती है। उन्होंने यहां की अथाह जल राशि और प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा की। नौका विहार के दौरान उन्होंने कहा कि बुका का विशाल जल क्षेत्र, लहरों की अठखेलियां और चारों ओर फैली हरियाली पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता रखती है।

उन्होंने कहा कि यहां का सुरम्य वातावरण, ठंडी हवाओं के झोंके और प्राकृतिक सौंदर्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। राज्यपाल ने इस क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं बताई।